**Prabhat Khabar, Jamshedpur, 19/10/2025**

**Page No: 10, Size: 10.82cm × 11.77cm**

# सीएनजी वाहनों की खरीद पर ₹25 हजार की सीएनजी मुफ्त मिलेगी

लाइफ रिपोर्टर @ जमशेदपुर



मारुति के बिष्टुपुर शोरूम में योजना का शुभारंभ करते गेल के अधिकारी.

गेल ने धनतेरस पर पेशकश की है कि सीएनजी वाहनों की खरीद पर उनके द्वारा 25 हजार रुपये की सीएनजी मुफ्त में प्रदान की जायेगी. धनतेरस की संध्या पर आयोजित समारोह में इस योजना का शुभारंभ गेल द्वारा मारुति के बिष्टुपुर शोरूम से किया गया. बताया गया कि यह ऑफर छह माह तक लागू रहेगा.

भारत सरकार की महारत्न कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड ने सीएनजी की कीमतों में कमी के पश्चात धनतेरस और दीपावली के अवसर पर जमशेदपुर में सीएनजी वाहनों की खरीद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष त्योहारी योजना की घोषणा की है. गेल के प्रभारी अधिकारी गौरीशंकर ने बताया कि स्वच्छ पर्यावरण एवं गैस आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह त्योहारी स्कीम लायी गयी है. उन्होंने कहा कि हाल ही में जमशेदपुर में सीएनजी की कीमतों में डेढ़ रुपये प्रति किलो की कमी की गयी थी और यह 'दूसरा त्योहार का उपहार' है, जो उपभोक्ताओं को और लाभ पहुंचायेगा. गेल के अधिकारी गौरीशंकर ने बताया कि पूर्वी सिंहभूम जिले में रजिस्टर्ड नये वाहनों को यह लाभ प्रदान किया जायेगा. इस ऑफर में कार, टैक्सी, बस और वैन के लिए 25,000 मूल्य की सीएनजी गैस (5 से सात हजार किलोमीटर) तक चलने योग्य फ्री में प्रदान की जायेगी. ऑटो रिक्शा के लिए 15 हजार रुपये मूल्य की सीएनजी गैस (लगभग 5,000 किलोमीटर तक चलने योग्य) फ्री में प्रदान की जायेगी. वाहन डीलर द्वारा रजिस्टर्ड वाहनों का विवरण गेल को प्रदान किया जायेगा, जिसके आधार पर पात्र उपभोक्ताओं को स्कीम का लाभ स्कीम की शर्तों के अनुसार दिया जायेगा.

Dainik Jagran, Jamshedpur, 19/10/2025
Page No: 1, Size: 5.58cm × 15.48cm

# सीएनजी वाहन खरीदने पर गेल देगी 25 हजार की मुफ्त गैस

**जमशेदपुर :** धनतेरस पर गेल इंडिया लिमिटेड ने नई घोषणा की है। इसके तहत सीएनजी वाहनों की खरीदारी पर गेल इंडिया प्रत्येक वाहन को 25 हजार रुपये की सीएनजी गैस मुफ्त दी जाएगी। बिष्टुपुर स्थित मारुति शोरूम में शनिवार को कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें गेल इंडिया के महाप्रबंधक गौरीशंकर ने आफर को लांच किया। आफर के तहत कार, बस, टैक्सी व वैन की खरीदारी पर 25 हजार रुपये मूल्य के सीएनजी गैस ( लगभग 5,000–7,000 किमी तक चलने योग्य) फ्री व आटो रिक्शा सहित मालवाहक वाहनों की खरीदारी पर 15 हजार मूल्य ( लगभग 5,000 किमी तक चलने योग्य) फ्री में प्रदान की जाएगी। यह आफर अगले छह माह तक प्रभावी रहेगा। चालकों को गेल इंडिया की ओर से कैश कार्ड दिया जाएगा जिससे वे निश्शुल्क गैस शहर के स्टेशनों से प्राप्त कर पाएंगे।

**Dainik Bhaskar, Jamshedpur, 19/10/2025**

**Page No: 4, Size: 6.83cm × 6.35cm**

# सीएनजी वाहन की खरीदारी पर मिलेगा 25 हजार का सीएनजी फ्री

**जमशेदपुर** | भारत सरकार की महारत्न कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड ने दीपावली के अवसर पर शहर में सीएनजी वाहनों की खरीद बढ़ाने के लिए विशेष त्योहारी योजना की घोषणा की है। यह योजना गेल इंडिया के जीएम और प्रभारी पदाधिकारी गौरीशंकर मिश्रा ने मारुति के बिष्टुपुर शोरूम से शुरू की। जीएम मिश्रा ने बताया कि जमशेदपुर में सीएनजी की कीमतों में प्रति किलो 1.50 रुपए की कमी की गई है। उन्होंने बताया कि कार, टैक्सी, बस और वैन के लिए 25 हजार रुपए मूल्य की सीएनजी फ्री में उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे वाहन 5 से 7 हजार किलोमीटर तक चल सकेंगे। वहीं, ऑटो रिक्शा की खरीद पर 15 हजार रुपए मूल्य की सीएनजी निःशुल्क दी जाएगी।